# भ्रमण आख्या जनपद–आगरा

दिनांक 21 से 25 अक्टूबर, 2024

भ्रमण दल–1 के सदस्य –

1. डा0 रवि प्रकाश दीक्षित, महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0।
2. श्री मसूद सालिम, परामर्शदाता, परिवार नियोजन, एस0पी0एम0यू0।
3. श्री संतोष कुमार भारती, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, आर0आई, एस0पी0एम0यू0।

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या–SPMU/NHM/M&E/2024-25/13/4715-2 Dated–18.10.2024 के क्रम में दिनांकः 21–25 अक्टूबर 2024 के मध्य जनपद–आगरा में सी0आर0एम0 भ्रमण से पूर्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित चिकित्सा इकाईयों का भ्रमण किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत हैः–

| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिचपुरी, जनपद–आगरा |
|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु मेन रोड पर साइन बोर्ड विजिबल नहीं था।<br>• परिसर में अन्य विभाग का कार्यालय था परन्तु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने के लिये किसी भी प्रकार का साइनेज नही लगाया गया था।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार की दीवारो एवं प्रतिक्षालय परिसर मे विभिन्न प्रकार के पुराने पोस्टर एवं बैनर लगाये गये थे।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर वाहन अस्त व्यस्त अवस्था में खडे थे। पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित नही किया गया था, जिसे चिन्हित किये जाने की आवश्यकता है।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार एवं पूरे परिसर मे साफ सफाई संतोषजनक नही थी।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत स्टाफ की सूची अद्यतन नहीं थी।<br>• सिटीजन चार्टर खराब पाया गया।<br>• टीकाकरण सारणी अद्यतन नही थी।<br>• बिजली के वायर जगह–जगह लटके पाये गये।<br>• पंजीकरण काउंटर की जाली टुटी हुई थी तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग काउंटर नही था।<br>• फार्मेसी मे उपलब्ध रजिस्टर प्रमाणित नहीं किये गये थे।<br>• शिकायत पेटिका लगी हुई पायी गयी।<br>• कण्डोम बाक्स इकाई परिसर में नही पाये गये।<br>• कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया। इस हेतु कक्षों के अंकित नाम को सही कराया जाना आवश्यक है।<br>• ई0डी0एल0 अद्यतन नही थी।<br>• Fire Extinguisher कालातीत अवस्था मे पाया गया।<br>• आयूष ओ0पी0डी0 मे Examination Table पर गद्दे एवं चादर नही थे और Foot step टूटा पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष मे दो लेबर टेबल के मध्य पार्टिशन था।<br>• लेबर रूम में 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित थी एवं उपस्थित स्टाफ का भी जानकारी थी। |

- लेबर रुम में बायो मेडिकल वेस्ट का अनुपालन मानकानुसार नही था।
- अभिलेखों एवं केस सीट में पूर्ण सूचना भरी थी एवं अभिलेखों का रख रखाव की व्यवस्थित था।
- लेबर रूम रजिस्टर को नये फार्मेट पर अद्युनान्त कराना है।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर शत–प्रतिशत अंकित किया गया था।
- प्रोटोकॉल पोस्टर भी दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नहीं थे।
- आक्सीजन सिलेन्डर था परन्तु उसकी लाग बुक अद्यतन नहीं थी।
- लेबर रूम में रेडिएन्ट वार्मर क्रियाशील था।
- ए0एन0सी0 / पी0एन0सी0 वार्ड में आ0ई0सी0 का प्रदर्शन अत्यन्त कम था एवं कक्ष व्यवस्थित नही था।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत डाईट रजिस्टर पूर्ण भरा जा रहा था। डाईट मानकानुसार नही दी जा रही थी।
- नियमित टीकाकरण से संबधित कोई भी प्रोटोकाल पोस्टर एवं बैनर मौजूद नही थे एवं न ही दीवाल लेखन किया गया था।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर मे आ0ई0सी0 का अभाव था।
- परिवार नियोजन से संबंधित बास्केट आफ च्वाईस नही थी।
- एम0एन0सी0यू0 अक्रियाशील था।
- उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नॉन FRU केन्द्र है। केन्द्र पर Gynaecologist की तैनात की गयी है जबकि Gynaecologist को प्रथमिकता पर FRU केन्द्र पर तैनात किया जाना है।

## जिला चिकित्सालय, जनपद–आगरा

- जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर साइन बोर्ड नही लगा था।
- जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर वाहन अव्यवस्थित खड़े किये गये थे। चिकित्सालय के दोनों गेट पर पार्किंग का साइनेज नही था।
- चिकित्सालय परिसर में फटे पुराने पोस्टर और बैनर पाये गये।
- जिला चिकित्सालय में कार्यरत स्टाफ की सूची अपडेट नहीं थी।
- जिला चिकित्सालय में कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया।
- जिला चिकित्सालय में ओ0पी0डी0 रजिस्ट्रेशन का साइनेज नहीं लगा था।
- चिकित्सालय परिसर में अधिकांश जगहो पर अव्यवस्थित और लटके हुए बिजली के वायर पाये गये।
- चिकित्सालय परिसर में प्लास्टर रूम के बाहर बहुत सारे अनयूस्ड पाईप रखे गये थे।
- लैब में कौन–कौन सी जॉच की जाती है उनकी सूची प्रदर्शित नही थी।
- ई0डी0एल0 की सूची अपडेटेड नही थी।
- चिकित्सालय परिसर में अधिकांश जगहो पर टाइल्स टूटी पायी गयी।
- चिकित्सालय परिसर में किसी भी स्थान पर सही बकेट का प्रयोग नही किया जा रहा था।
- बी0एम0डब्लयू0 वेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा था।
- फिजियोथेरेपी वार्ड में साफ–सफाई संतोषजनक नही थी। एक ट्रेडमिल खराब अवस्था में पायी गयी।
- ICU/ICCU वार्ड के बाहर शू रैक नही रखा गया था।
- जिरियाट्रिक वार्ड में बेड अव्यवस्थित था और अनावश्यक आ0ई0सी0 प्रदर्शित थी।
- एन0आर0सी0 के मुख्य द्वार का कॉच टूटा हुआ था।

- एन0आर0सी0 वार्ड में खिलौने एवं आ0ई0सी0 की कमी थी।
- जिरियाट्रिक वार्ड और एन0आर0सी0 के दोनो तरफ अधिक मात्रा में घास–फूस उगी थी। व्यापक सफाई की आवश्यकता है।
- एन0आर0सी0 वार्ड में बेड आक्यूपेन्सी रेट 91 प्रतिशत था।
- ब्लड बैक लाईसेन्स रिन्यू नही हुआ था।
- ब्लड बैक में ए0आर0वी0 वैक्सीन का भण्डारण किया जा रहा था।
- BCTV का Camp प्लान नहीं बना था।
- आपरेशन थियेटर में भ्रमण के समय आपरेशन किया जा रहा था।
- डायलिसिस यूनिट के द्वार पर शू कवर रैक व बकेट नही रखा गया था।
- डायलिसिस यूनिट में साफ सफाई संतोषजनक नही थी।
- डायलिसिस यूनिट में उपयोग किये जाने वाले सामान व्यवस्थित नही था।
- डायलिसिस यूनिट में उपयोग किये जाने वाले ट्रे मे जंग लगी थी।
- डायलिसिस यूनिट में टायलेट बहुत ही खराब/गंदी अवस्था में था।
- डायलिसिस यूनिट में हेपेटाईटिस सी के मरीजो हेतु प्रोटोकाल का पालन नही किया जा रहा था।
- डायलिसिस यूनिट में बी0एम0डब्लयू0 बेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा था।
- डायलिसिस यूनिट में इन्टरनेट के वायर अव्यवस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अकोला, जनपद–आगरा

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु मेन रोड पर साइन बोर्ड विजिवल नही था।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार की दीवारों एवं प्रतीक्षालय परिसर मे विभिन्न प्रकार के पुराने पोस्टर एवं बैनर लगाये गये थे।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर वाहन अस्त व्यस्त अवस्था में खड़े थे। पार्किंग प्लेस चिन्हित करने की आवश्यकता है।
- स्वच्छ पेय जल का अभाव था। समस्त परिसर में अन्डर ग्राउन्ड वॉटर खारा होने के फलस्वरूप स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था को सुदृण किये जाने की आवश्यकता है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार एवं पूरे परिसर में साफ सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत स्टाफ की सूची अद्यतन नहीं थी।
- सिटीजन चार्टर खराब पाया गया।
- टीकाकरण सारणी अद्यतन नहीं थी।
- बिजली के वायर जगह–जगह लटके पाये गये। कई जगह पर बोर्ड टूटे हुए थे।
- पंजीकरण काउंटर की जाली टूटी हुई थी तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग काउंटर नहीं थे।
- Triage रूम अव्यवस्थित था।
- शिकायत पेटिका लगी हुयी पायी गयी।
- कण्डोम बाक्स इकाई परिसर में नहीं पाये गये।
- बास्केट आफ च्वाईस नहीं थी।
- परिसर में कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया।

- ई0डी0एल0 अद्यतन नहीं थी।
- लेबर रूम में 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित थी एवं उपस्थित स्टाफ को जानकारी भी थी।
- लेबर रुम में बायो मेडिकल वेस्ट का अनुपालन मानकानुसार नहीं था।
- अभिलेखों एवं केस सीट में पूर्ण सूचना भरी जा रही थी एवं अभिलेखों का रख रखाव व्यवस्थित नहीं था।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर शत–प्रतिशत अंकित किया गया था।
- प्रोटोकॉल पोस्टर मानकानुसार प्रदर्शित नहीं थे।
- ऑक्सीजन सिलेन्डर था परन्तु उसकी लॉग बुक अद्यतन नहीं थी।
- प्रसव कक्ष मे प्रोटोकाल पोस्टर तथा आई0ई0सी0 सामग्री पूर्ण नहीं थी।
- ए0एन0सी0 / पी0एन0सी0 वार्ड में आ0ई0सी0 का प्रदर्शन अत्यन्त कम था एवं कक्ष व्यवस्थित नही था।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत खाने में केवल दाल और रोटी दी जा रही थी।
- नियमित टीकाकरण से संबधित कोई भी प्रोटोकाल पोस्टर एवं बैनर परिसर में मौजूद नहीं थे एवं न ही इससे संबंधित दीवार लेखन किया गया था।
- कोल्ड चेन रूम व्यवस्थित था। आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर पूर्ण रूप से क्रियाशील थे।
- ई–विन पोर्टल एवं फिजिकल वैक्सीन का सत्यापन सही पाया गया।
- कोल्ड चेन रूम मे Fire Extinguisher, Exhaust Fan लगाये गये थे।
- आईस–पैक कंडीशनिंग हेतु टेबल उपलब्ध था।

## जिला महिला चिकित्सालय, जनपद–आगरा

- परिसर के मुख्य भवन के ग्लो साईन बोर्ड खराब पाये गये।
- चिकित्सालय में वाहन पार्किगं की व्यवस्था व्यवस्थित नहीं थी।
- जिला महिला चिकित्सालय के मेन गेट पर लिखे कर्मचारियों के नाम एवं मोबाइल न० अपडेट नहीं थे।
- कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया।
- जिला महिला चिकित्सालय की साफ सफाई व्यवस्था असंतोषजनक थी।
- शिकायत पेटिका इकाई के ओ.पी.डी. एरिया में लगे हुये पाये गये।
- स्टाफ का मासिक ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध नहीं था।
- एम0आ0टी0 व कार्यालय का इन्डीकेटर बोर्ड नही था।
- चिकित्सालय के नाम के दोनों ग्लो साइनबोर्ड फटे थे।
- ऑक्सीजन सिलेन्डरों पर जंग लगा हुआ था।
- प्रतीक्षालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पुराने पोस्टर एवं बैनर लगाये गये थे।
- ओ0पी0डी0 मे पेशेन्ट फ्लो सही नहीं था।
- भोजन वितरण में कवर्ड ट्रॉली का प्रयोग नहीं किया जा रहा था।
- रेडजोन ऐरिया में लाइट की व्यवस्था ठीक नहीं थी।
- भवन के अन्दर ओ0पी0डी0 लेबर रूम पैथोलॉजी व एम०ओ०टी० के डायरेक्शन साइनबोर्ड नहीं थे।
- लिफ्ट के अन्दर इमरजेन्सी मोबाईल नं0 दर्ज नहीं थी।
- लेबर रूम और ओ०टी० में डिजिटल क्लॉक नहीं थी।
- कण्डोम बाक्स इकाई परिसर में पाये गये परन्तु मानकानुसार प्रतिपूर्ति नही की जा रही थी।

- बास्केट आफ च्वाईस नहीं थी।
- ई0डी0एल0 अद्यतन नहीं थी।
- सभी विभागों में क्लीनिंग चेकलिस्ट नहीं लगी थी।
- ओपीडी में बीपी/पल्स ऑक्सीमीटर/हाईट स्केल/थर्मामीटर/ग्लूकोमीटर इत्यादि उपकरण नहीं थे।
- फैमिली प्लानिंग काउन्सलर के द्वारा रिकॉर्ड पूर्ण रुप में अंकित नही किया जा रहा था।
- बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का वर्गीकरण नियमानुसार नहीं किया जा रहा था।
- एस.एन.सी.यू. व्यवस्थित था।
- के0एम0सी0 रूम व्यस्थित था।
- फार्मेसी स्टोर में औषधियों की लेबलिंग नही की गयी थी।
- डिलीवरी रजिस्टर भरे जाते हैं लेकिन आरसीएच नंबर नहीं भरा जा रहा है।
- टीकाकरण कर रही ए0एन0एम0 की यू–वीन आई0डी0 नही बनी थी। लाभार्थी को यू–वीन पोर्टल पर अंकित नही किया जा रहा था।

## एस0एन0 मेडिकल कालेज, जनपद–आगरा

राज्य स्तरीय टीम द्वारा मेडिकल कालेज में SNCU, प्रसव कक्ष का भ्रमण किया गया। SNCU मानकानुसार संचालित किया जा रहा था। कुछ जगह पर साफ–सफाई की आवश्यकता थी। प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर भी दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नहीं थे। भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों तथा JSY fund से HoD को अवगत कराया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अछनेरा, जनपद–आगरा

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर वाहन अस्त व्यस्त थे। पार्किंग प्लेस चिन्हित करने की आवश्यकता है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार एवं पूरे परिसर मे साफ सफाई की आवश्यकता है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर मे विभिन्न प्रकार के पुराने पोस्टर एवं बैनर लगाये गये थे।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत स्टाफ की सूची अद्यतन नहीं थी।
- सिटीजन चार्टर पुराना था। बिजली के वायर जगह–जगह टूटे थे।
- महिला एवं पुरूष पंजीकरण हेतु अलग–अलग काउंटर था।
- Triage रूम अव्यवस्थित था।
- शिकायत पेटिका और कण्डोम बाक्स इकाई परिसर में पाये गये। बास्केट आफ च्वाईस नही थी।
- परिसर मे कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया। ई0डी0एल0 अद्यतन नहीं थी।
- प्रसव कक्ष मे दो लेबर टेबल के मध्य पार्टिशन था।
- लेबर रूम में 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित थी एवं उपस्थित स्टाफ को भी जानकारी थी।
- लेबर रुम में बायो मेडिकल वेस्ट का अनुपालन मानकानुसार नहीं किया गया था।
- अभिलेखों एवं केस शीट में पूर्ण सूचना भरी जा रही थी एवं अभिलेखों का रख–रखाव व्यवस्थित नहीं था।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर शत–प्रतिशत अंकित किया गया था।
- प्रोटोकॉल पोस्टर मानकानुसार प्रदर्शित नहीं थे।
- ऑक्सीजन सिलेन्डर था परन्तु उसका लॉग बुक अद्यतन नहीं थी।
- प्रसव कक्ष मे प्रोटोकाल पोस्टर तथा आई0ई0सी0 सामग्री पूर्ण नहीं थी।

- ए0एन0सी0 / पी0एन0सी0 वार्ड में आ0ई0सी0 का प्रदर्शन अत्यन्त कम था एवं कक्ष व्यवस्थित नहीं था।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत खाने में केवल दाल और रोटी दी जा रही थी।
- नियमित टीकाकरण से संबधित कोई भी प्रोटोकॉल पोस्टर एवं बैनर परिसर में मौजूद नही थे एवं न ही इससे संबंधित दीवार लेखन किया गया था।
- कोल्ड चेन रूम व्यवस्थित था। आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर पूर्ण रूप से क्रियाशील थे।

टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरावली और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रूनकता का भ्रमण किया गया। भ्रमण के समय टीम के साथ जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। पायी गयी कमियों से प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान पायी गयी कतिपय कमियों को भ्रमण के समय ही सम्बन्धित स्टॉफ द्वारा ठीक कराया गया एवं चिकित्सालयों के एम0ओ0आई0सी0 से फॉलो–अप देने के निर्देश दिये गये।

उपरोक्त पांचों दिवसों में सायं मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय के अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, डी0पी0एम0यू0 एवं राज्य स्तरीय एन0एच0एम0 के समस्त अधिकारी उपस्थित थे। राज्य स्तरीय टीम द्वारा किये गये पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा पायी गयी समस्त कमियों पर त्वरित कार्यवाही एवं अतिशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देश दिये गये।

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के साथ राज्य स्तरीय भ्रमण टीम द्वारा जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया से वार्ता कर सी0आर0एम0 विजिट एवं पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के विषय में अवगत कराया गया है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सी0आर0एम0 विजिट की तैयारी हेतु दिनांक 26.10.2024 को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है।

| | | |
|---|---|---|
| Santosh | | 24/10/24 |
| **संतोष कुमार भारती** | **मसूद सालिम** | **डा0रवि प्रकाश दीक्षित** |
| कार्यक्रम समन्वयक (आर0आई0) | परामर्शदाता (परिवार नियोजन) | महाप्रबन्धक (मातृ स्वास्थ्य) |